## अपराध/हादसा

### दूंढोत्सव में हत्या के तीन आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर. नगर संवाददाता** | जिले की ऋषभदेव थाना पुलिस ने गत दिनों ढूंढ के कार्यक्रम के दौरान पुरानी रंजिश को लेकर हुए विवाद में दोनों पक्षों के एक-एक युवक की हत्या के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी घनश्याम सिंह ने बताया कि मसारों की ओबरी के ओड़वास फलां में एक परिवार में ढूंढ का कार्यक्रम आयोजित किया था। इस कार्यक्रम में अनिल (22) पुत्र शांतिलाल मीणा निवासी मसारों की ओबरी ओड़वास द्वक्तलां और इसी गांव का अजीत मीणा भी आया हुआ था। दोनों में पुरानी रंजिश चल रही थी और दोनों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर फिर से विवाद हो गया और विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ने एक-दूसरे से मारपीट करनी शुरू कर दी। मारपीट के दौरान ही दोनों ने एक-दूसरे पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को ऋषभदेव चिकित्सालय लेकर गए, जहां पर उपचार के दौरान अनिल मीणा ने दम तोड़ दिया। अजीत ने भी गंभीर रूप घायलावस्था में एमबी चिकित्सालय में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। इस मामले में पुलिस टीम ने जांच करते हुए मसारो की ओबरी ओडवास निवासी महावीर उर्फ मावजी पुत्र पन्नालाल अहारी मीणा, शिवशंकर उर्फ शिवराम पुत्र पन्नालाल अहारी मीणा और रेडा फलां सुवेरी खेरवाडा निवासी सुनिल कुमार पुत्र लक्ष्मणलाल परमार को गिरफ्तार किया। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

### ट्रेलर के केबिन में शार्ट सर्किट से आग

**उदयपुर. नगर संवाददाता** | शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र में मादड़ी इंडस्ट्रियल एरिया में चलते ट्रेलर के केबिन में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। चालक ने तुरंत ट्रेलर को रोका और कूद कर अपनी जान बचाई। जानकारी के अनुसार मादड़ी स्थित नवनीत मोटर्स के सामने से निकलते एक ट्रेलर में दोपहर करीब 2 बजे अचानक आग लग गई। आग का कारण वायरिंग में शोर्ट सर्किट होना बताया जा रहा है। आग लगने के बाद चालक ट्रेलर को रोक कर केबिन से कूद गया। कुछ ही देर में आग बढ़ गई और पूरा केबिन जल गया। इस बीच वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर मादड़ी फायर स्टेशन से एक दमकल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

### 11 वर्ष की किशोरी के साथ नशे में अश्लील हरकतें

**उदयपुर. नगर संवाददाता** | शहर के समीप डबोक थाना क्षेत्र में एक युवक ने शराब के नशे में 11 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। पुलिस के अनुसार एक पीड़ित ने मामला दर्ज करवाया कि उसकी 11 वर्ष की पुत्री आरोपी जगन्नाथ के पुत्र के साथ मकान के बाहर खेल रहे थे। दोपहर तक किशोरी के घर पर नहीं आने पर वह तलाशते हुए जगन्नाथ के घर पर गया तो जगन्नाथ के कमरे में उसकी पुत्री की रोने की आवाज आई। उसने किंवाड को खोलने के लिए धक्का दिया तो अन्दर से दरवाजा बंद था। उसने हल्ला किया तो दरवाजा खोला उस समय जगन्नाथ ने शराब पिए हुए था। उसने पुत्री को घर पर लाकर पूछताछ की तो उसकी पुत्री ने बताया कि जगन्नाथ ने उसे पेट दर्द बताकर मालिश करने के लिए कमरे में बुलाया और अन्दर जाने पर दरवाजा व खिडकी बंद कर दी। इसके बाद किशोरी के साथ आरोपी ने अश्लील हरकतें की।

### लकड़ी का अवैध परिवहन करते एक कंटेनर जब्त



**उदयपुर. नगर संवाददाता** | फतहनगर थाना पुलिस ने लकड़ी का अवैध परिवहन करते हुए एक लकड़ी से भरा कंटेनर पकड़ा है। थानाधिकारी दुर्गाप्रसाद दाधीच ने बताया कि नाकाबंदी के दौरान एक संदिग्ध कंटेनर को पकड़ा। कंटेनर को वन अधिकारी के समक्ष खोलकर चेक किया तो गीली लकडियों से भरा था। कंटेनर के अन्दर नीम, खेजडी, कंजडा आदि की करीब 28 टन लकड़ी भरी हुई थी। पुलिस ने कंटेनर चालक मुफिद पुत्र इमरान निवासी हटेडा उटावड हरियाणा को गिरफ्तार किया।

### 25 लीटर हथकड़ शराब जब्त, 5600 लीटर वॉश नष्ट

**उदयपुर. नगर संवाददाता** | गोगुंदा पुलिस ने नाल के जंगलों में पहाड़ियों व नदी किनारे बनी 10 भट्टीयों को तोड़ते हुए 5600 लीटर वॉश नष्ट कर करीब 25 लीटर अमहूए शराब जब्त की। इस दौरान आरोपी मौके से फरार हो गया। थानाधिकारी शैतान सिंह नाथावत ने बताया की पुलिस टीम नाल के घने जंगलों में पहुंचा। पुलिस के पहुंचने की भनक लगते ही आरोपी मौके से फरार हो गए। लेकिन पुलिस ने मौके से अवैध शराब बनाने की करीब 10 भट्टीयों तोड़ते हुए 5600 लीटर अवैध वास नष्ट कर करीब 25 लीटर अवैध महूए शराब जब्त की।

### दुर्घटना में वृद्धा की मौत

**उदयपुर. नगर संवाददाता** | डूंगरपुर जिले के झौथरी थाना क्षैत्र में सारोली निवासी ईटली देवी (60) पत्नी करूणा शंकर मनात आंख का ऑपरेशन होने के बाद अपने भतीजे हरीश के साथ बैठकर पुनः चेकअप कराने गई थी। चेकअप कराकर वापस घर लौट रहे थे कि करावाड़ा में बुधवार दोपहर करीब 12 बजे लघुशंका के लिए बाइक से उतरते समय नीचे गिर गई, जिससे सिर में चोट लगने से गंभीर घायल हो गई उसे एमबी चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां गुरुवार शाम को उपचार के दौरान मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए मुर्दाघर में रखवाया गया है।

### घर से किशोरी बिना बताएं लापता

**उदयपुर. नगर संवाददाता** | जिले के भीण्डर थाना क्षेत्र में एक किशोरी लापता हो गई। पुलिस के अनुसार लोगर पुत्र नारायण रावत निवासी बेडवी भीण्डर ने मामला दर्ज करवाया कि वह मजदूरी से घर पर आया तो उसकी पुत्री अपली कुमारी (17) नही थी। इस पर पत्नी को पूछा तो पत्नी ने कहा कि वह बकरियां चराकर आई तो अपली घर से गायब थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**उदयपुर लोकसभा सीट से भाजपा मन्नालाल रावत की नामांकन सभा में आए प्रदेशाध्यक्ष ने कहा**

# टिकट मिलने के बाद भी चुनाव लड़ने से भाग रहे हैं कांग्रेस प्रत्याशी : जोशी

## कहा : केन्द्र की भाजपा सरकार के 10 साल कांग्रेस के 52 साल पर पड़ रहे भारी

### कार्यकर्ताओं को संदेश - हर घर जाकर मोदी का राम-राम कहना

**उदयपुर. नगर संवाददाता** | भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि कांग्रेस से टिकट मिलने के बाद भी कांग्रेस के प्रत्याशी चुनाव लड़ने से भाग रहे है और बड़े नेताओं ने हाथ खड़े कर दिए है, ये कांग्रेस की हालत हो गई है। भाजपा की कांग्रेस की 52 साल की सरकार पर भाजपा के 10 साल भारी पड़ रहे है। साथ ही कार्यकर्ताओं को संदेश दिया कि वे हर घर पर जाकर मतदाताओं को मोदी का राम-राम कहें।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी उदयपुर लोकसभा से भाजपा के प्रत्याशी मन्नालाल रावत के नामांकन को आयोजित लेकर आयोजित लोकसभा की आठों विधानसभा के जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। इस दौरान जोशी ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस से कोई भी चुनाव नहीं लड़ना चाहता है, जिसे भी कांग्रेस ने अपना प्रत्याशी बनाया वो बीच में ही चुनाव लड़ने से इंकार कर रहा है। क्योंकि उसे पता है कि इस हवा के सामने वह टिकने वाला नहीं है। देश को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर अटूट विश्वास है और कांग्रेस के 52 साल के शासन पर भाजपा का 10 साल का शासन भारी पड़ रहा है। मोदी के आने से पहले राजा होते थे और सेवक बन गए है, परिवारवाद से लोकतंत्र पर, निराशा से आशा, तुष्टिकरण से संतुष्टि करण, आतंकवाद से शांति, गरीबी से समृद्धि, बेरोजगार से कौशल, विभाजन से एकता में बदल गया है। जोशी ने कहा कि ये लोग राम मंदिर में रोड़े अटकाते है और अब भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ है। अब नारे व वायदे का जमाना नहीं है सपनों को हकीकत में बदलने का जमाना है। 2014 से पहले भारत दुनिया का अनुसरण करता था और अब दुनिया भारत का अनुसरण कर रही है। भारत का तिरंगा इतना पावरफुल हो गया है कि यूक्रेन युद्ध में भारतीय ही नहीं पाकिस्तानी बच्चे भी तिरंगे की छांव में अपने देश के लिए निकले और चार घंटे तक युद्ध बंद रहा। मोदी सरकार में भारत की अर्थव्यवस्था विश्व की 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है और 2027 तक तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। 2047 तक भारत विश्व का सबसे बड़ा विकसित राष्ट्र बन जाएगा। प्रदेशाध्यक्ष जोशी ने कहा कि जो लोग शक्ति को खत्म करने का दावा करते है उनमें संस्कृति और संस्कार तक नहीं है। सीपी जोशी ने कहा कि जो उदयपुर से चुनाव लड़ रहा है वह बाहर का है कांग्रेस के पास स्थानीय प्रत्याशी तक नहीं है। जोशी ने 6 अप्रैल को स्थापना दिवस को लेकर कहा कि हर घर पर भाजपा का ध्वज होना चाहिए और हर घर के बाहर मोदी का फोटो लगा होना चाहिए। साथ ही कहा कि भाजपा की भजनलाल सरकार ने मात्र तीन माह में केन्द्र की मोदी सरकार के साथ मिलकर मानगढ़ धाम का विकास किया, महाराणा प्रताप कोरिडोर बनाया, ईआरसीपी का काम किया है। इस मौके पर राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया, शहर विधायक ताराचंद जैन, ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा, गोगुन्दा विधायक प्रताप लाल गमेती, सलूम्बर विधायक अमृतलाल मीणा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शांतिलाल चपलोत, लोकसभा सह प्रभारी महेश शर्मा, संभाग सह प्रभारी नाहर सिंह जोधा, जिला प्रभारी बंशीलाल खटीक, उप महापौर पारस सिंघवी, उप जिला प्रमुख पुष्कर तेली, पूर्व विधायक नानालाल अहारी, धर्म नारायण जोशी, रणधीर सिंह भींडर सहित कई लोग उपस्थित थे।



#### क्षेत्रिय दल झूठ बोलकर, भ्रमित कर रहे है - मन्नालाल

**उदयपुर** लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मन्नालाल रावत ने कहा कि क्षेत्रिय दल आदिवासियों को गुमराह रहे है है वे कहते है विधानसभा और लोकसभा से बड़ी ग्राम सभा तो वे चुनाव क्यों लड़ रहे है। वे कहते है कि आदिवासियों पर आईपीसी लागू नही होती पर जब कांकरी डूंगरी कांड हुआ तो इस भ्रम में रहकर युवाओं ने अपना कैरियर समाप्त कर लिया। 7500 आदिवासी युवा आज भाग रहे है, जिनके खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज है। ये संविधान नहीं मानते है। ये आदिवासी को हिंदू नहीं मानते है, जबकि आदिवासी पक्के हिन्दू है। रावत ने कहा कि लोकसभा का चेहरा कमल का फूल है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास कर रहा है और भाजपा के राज में अनुसूचित क्षेत्र बढ़ा है, जिससे आरक्षण बढ़ा है।

#### धार्मिक आधार पर बांट रहे है दल - हेमंत

इस मौके पर केबिनेट मंत्री हेमंत मीणा ने कहा कि कांग्रेस ने 50 साल तक देश को लूटा है। 10 साल में हर क्षेत्र में विकास किया। क्षेत्रिय दल के अलग-अलग हथकंडे अपना रहा है। कभी धर्म के आधार पर, कभी जाति के अधार पर तो कभी बोली के आधार पर। इनकी बातों में ना आए। भाजपा के पक्ष में मतदान करवाएं।

#### कांग्रेस ने झूठ बोलने में पीएचडी कर रखी है - बाबूलाल

केबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने कहा कि कांग्रेस ने झूठ बोलने में पीएचडी कर रखी है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव देश का भविष्य तय करेगा। जो कहा उसे पूरा किया। बाबूलाल ने कहा कि नई पार्टी कह रही है कि वह सबको नौकरी देगी, आठवीं पास को कैसे नौकरी दे सकती है। वे आदिवासी को हिंदू नहीं मानते है जबकि मैं आदिवासी हिंदू हूँ।

#### हर क्षेत्र में काम हो रहा है - सैनी

**इस** मौके पर पूर्व मंत्री और उदयपुर, चित्तौड़ और बांसवाड़ा-डूंगरपुर लोकसभा के कलक्टर प्रभारी प्रभुलाल सैनी ने कहा कि सभी भ्रामक बातें कर रहे है कि संविधान बदल देंगे, कोई संविधान नहीं बदलने वाले है। ज्यादा से ज्यादा नौकरी देंगे। जो 52 में नहीं हुआ वह 10 साल में हुआ है। नारी शक्ति वंदन बिल पास किया। सैनी ने कहा कि लोग कह रहे है कि आरक्षण समाप्त हो जाएगा ऐसा नहीं होगा आरक्षण रहेगा।

## 101 किलो डोडा-चूरा तस्करी करते हुए 5 महिला तस्करों सहित 7 गिरफ्तार

### ट्रोली बैग और पिट्टू बैग में भरकर सरकारी व प्राईवेट बसों में बैठकर करते है तस्करी

**उदयपुर. नगर संवाददाता** | शहर की प्रतापनगर थाना पुलिस ने डोडा-चूरा तस्करी के अर्न्तराज्जीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पांच महिलाओं सहित सात को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह ट्रोली बैग व पिट्ठू बैग में भरकर डोडा-चूरा सरकारी बसों व प्राईवेट बसों के माध्यम से हरियाणा और पंजाब लेकर जाते है। आरोपियों के पास से 101 किलो डोडा-चूरा बरामद किया है।

एसपी योगेश गोयल ने जिले भर में मादक पदार्थ को लेकर एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान ही प्रतापनगर थानाधिकारी भरत योगी के नेतृत्व में एसआई विजेन्द्र सिंह, एएसआई मोहन सिंह, कांस्टेबल राजूराम, नंदकिशोर, सोहन शर्मा, महिल कांस्टेबल अर्चना पुलिस टीम ने राजस्थान व एमपी के आस पास के क्षेत्र से पंजाब व हरियाणा सहित अन्य राज्यो में मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले गिरोह पर बडी कार्यवाही करते हुए देबारी पिण्डवाडा नेशनल हाईवे से आवागमन के साधनो का इंतजार करते हुए 5 महिलाओ व 2 पुरूषो सहित 7 आरोपियो को उनके पास मिले 14 बैगो मे भरे 1 क्विंटल 23 किलो डोडा चूरा जब्त किया। पुलिस ने इस प्रकरण में सुखा सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी पिरावाली हिसार हरियाणा, राहुल पुत्र नौरंग बेनीवाल निवासी रतिया फतेहाबाद हरियाणा, बलजीत कौर पत्नी फूलासिंह जाट निवासी भैनी भागा मानसा मानसा पंजाब, कर्मजीत पत्नी दर्शन सिंह निवासी लाल पट्टी, भैनी भागा मानसा पंजाब, अमरजीत पत्नी बुध सिंह निवासी



कलीपुर बलाडा मानसा पंजाब, बलविंदर कौर उर्फ बिंदर पत्नी निछेतर सिंह निवासी विरेवाला खुर्द फंदकोट पंजाब, सुमन देवी पुत्र साब सिंह निवासी बद्री सिधी कैम्पस बाडी सतना मध्यप्रदेश हाल सिंधी कैम्प बाडी बरेली रायसेन मध्यप्रदेश को गिरफ्तार किया है।

### पिट्टू बैग से रोडवेज व प्राईवेट बसों में ले जाते है डोडा-चूरा

पूछताछ में सामने आया कि आरोपी हरियाणा व पंजाब से समूह के रूप मे मेवाड व एमपी राज्य से सटे क्षेत्रो मे आकर डोडा-चूरा खरीदकर अलग-अलग ट्रोली बैग, पिट्टु बैग मे भरकर पुलिस की नाकाबंदी से बचने के लिये प्राईवेट बसों, रोडवेज बसों मे बैठकर पंजाब, हरियाणा की तरफ ले जाकर बेचते है। आरोपी पूर्व में भी करीब छः-सात चक्कर काटकर मेवाड व एमपी से सटे क्षेत्रो मे आकर डोडा चूरा की तस्करी पंजाब, हरियाणा तक ले जा चुके है।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से पैंथर की हुई मौत

**उदयपुर. नगर संवाददाता** | जिले के गोगुंदा उदयपुर हाईवे पर घसियार के समीप तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने पैंथर को चपेट में ले लिया, जिससे पैंथर की मौत हो गई।

वन विभाग के अधिकारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि घसियार गौशाला के समीप स्थित पहाड़ी पर एक पैंथर के मृत होने की सूचना मिली। जिस पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची तो पहाड़ी पर एक नर पैंथर का शव पड़ा हुआ था। प्रथम दृष्टिया वाहन की चपेट में आने के बाद पैंथर भागते हुए पहाड़ी पर चढ़ गया और उसके गंभीर चोट लगने के चलते मौत हो गई। इसके बाद टीम ने पैंथर के शव को कब्जे में लिया और उदयपुर चेतक स्थित पशु चिकित्सालय पहुंचाया। जहां पशु चिकित्सकों की गठित टीम ने पैंथर के शव का पोस्टमार्टम किया।

इसके बाद पैंथर के शव का रेंज परिसर में अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान वन विभाग की टीम में बरौडा वननाका इंचार्ज लाल सिंह चौहान, वनरक्षक कैलाश गायरी व राजकुमार मेनारिया सहित टीम के जवान व क्षेत्र के ग्रामीण मौजूद रहे।

**शुभम हाउसिंग डेवलपमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड**

कार्पो. कार्यालय - 425, उद्योग विहार फेज- IV, गुडगांव -122015 (हरियाणा)
फोन- 0124-4212530/31/32, ईमेल: customercare@shubham.co , वेबसाईट - www.shubham.co

**मांग सूचना**

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (इसमें आगे 'अधिनियम' कहा गया है) की धारा 13(2) के अंतर्गत सूचना**

यह आपको सूचित किया जाता है कि धरोहर ऋणकर्ता शुभम हाउसिंग डेवलपमें ट फायनेंस कंपनी लिमिटेड जिसका पंजीकृत कार्यालय 608, 609, छठवी मंजिल, ब्लॉक-सी अंसल एम्पेरियल टॉवर, कम्युनिटी सेन्टर, नारायणा विहार, न्यू दिल्ली-110028 (इसके पश्चात 'एसएचडीएफसीएल' के रुप में संबोधित) द्वारा आपके ऋण खाते को एनपीए के तौर पर घोषित कर चुका है एवं एसएचडीएफसीएल के आपके ऋण खाते के विरुद्ध संपूर्ण ऋण का भुगतान करने के उत्तरदायी है। आपको उपरोक्त राशि पर अनुबंध दर पर लागू भविष्य ब्याज के साथ प्रासंगिक व्यय, मूल्य, शुल्क आदि का भुगतान करने के उत्तरदायी है। इसलिए इस सूचना के दिनांक से 60 दिवस में एसएचडीएफसीएल को आपके संपूर्ण दायित्व का भुगतान करने के लिए आपको बुलाया जाता है असफल रहने पर एसएचडीएफसीएल को कानून की धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करने में सक्षम होगी। ऋणकर्ताओं एवं धरोहर संपत्ति का विवरण नीचे दिया गया है

| स. क्र. | ऋण खाता क्रं. ऋणकर्ता (ओं) का नाम | ऋणी का पता | मांग सूचना दिनांक एवं मांग राशि | सुरक्षित संपत्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | लोन नं. UDP_1509_045363, अंबालाल खटिक, गोपी लाल खटीक, संतोष खटीक | 194, ग्राम- दारोली, जिला- उदयपुर, राजस्थान 313001 | 22-03-2024 एवं ₹ 13,54,386/- | पट्टा नं. 9, ग्राम दारोली, क्षेत्रफल 1117.30 वर्गफीट, तहसील वल्लभ नगर, उदयपुर, राजस्थान- 313004 |

स्थान : गुड़गाँव
दिनांक : 28-03-2024

प्राधिकृत अधिकारी
शुभम हाउसिंग डेवलपमेन्ट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड

**ICICI Home Finance**

**कॉर्पोरेट कार्यालय :** आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई -400059, भारत

**शाखा कार्यालय :** भू-तल, प्लॉट नं. 10, दुर्गा नर्सरी रोड, उदयपुर-313001

[ नियम 8(6) का परंतुक देखें ]

**अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए सूचना**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से ऋणी (ओं) और गारंटीकर्ता (ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार को गिरवी / प्रभारित की गई है, जिसका भौतिक कब्जा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है। आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, 'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है' और 'जो कुछ भी है' पर नीचे दिए गए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेचा जाएगा;

| क्र. सं. | कर्जदार(रों)/ सह कर्जदारों के नाम/ गारंटर / कानूनी वारिस। ऋण खाता संख्या | ज्ञात ऋणभारों के साथ सुरक्षित संपत्ति(यों) का विवरण, यदि कोई हो | बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / बयाना धन जमा | संपत्ति निरीक्षण की तिथि और समय | नीलामी की तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | भरत कुमार (उधारकर्ता) मंजु देवी (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता सं. LHUDP00001291373 | खसरा नंबर-1038 पर स्थित संपत्ति, ग्राम- माणकियावास, ग्राम पंचायत- मांगथला, पंचायत समिति-मावली, जिला-उदयपुर राजस्थान | रू. 41,32,393/- 20 मार्च 2024 | रू. 21,06,900/- / रू. 2,10,690/- | 22 अप्रैल 2024 सुबह 11 से शाम 3 बजे | 03 मई 2024 दोपहर 2 से शाम 3 बजे |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी **ग्लोब टेक** की वेबसाइट **(URL Link-/https://BestAuction Deal.com)** पर आयोजित की जाएगी। गिरवी रखने वालों/नोटिस को **02 मई 2024** को **शाम 5.00 बजे** से पहले कुल देय राशि को और ब्याज के साथ भुगतान करने का अंतिम मौका दिया जाता है अन्यथा इन सुरक्षित संपत्तियों को उपरोक्त अनुसूची के अनुसार बेचा जाएगा। संभावित बोलीदाताओं को अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (ईएमडी) आरटीजीएस/डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई अनुसार) **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी, भू-तल, प्लॉट नं. 10, दुर्गा नर्सरी रोड, उदयपुर-313001 में 02 मई 2024 को शाम 04:00 बजे** या उससे पहले जमा करना होगा। संभावित बोलीदाताओं को पंजीकरण फॉर्म और बोली नियम और शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति भी **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी, भू-तल, प्लॉट नं. 10, दुर्गा नर्सरी रोड, उदयपुर-313001** में **02 मई 2024 को शाम 05:00 बजे** या उससे पहले जमा करना होगा। बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) उदयपुर में देय 'आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड-नीलामी' के पक्ष में एक राष्ट्रीयकृत/ अनुसूचित बैंक से होना चाहिए। निरीक्षण, नीलामी के नियम और शर्तों या निविदाओं को प्रस्तुत करने के संबंध में किसी भी अन्य स्पष्टीकरण के लिए, कृपया **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड**, 9920807300 पर या हमारे **सेल्स एंड मार्केटिंग पार्टनर नेक्सएक्सन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** से संपर्क करें। प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया **https://www.icicihfc.com/** देखें।

दिनांक : 29 मार्च, 2024
स्थान : उदयपुर

अधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड

## कार्यक्रम में नहीं आए कांग्रेसी, जिलाध्यक्ष की फिर कार्यवाही की चेतावनी

### पूर्व में भी कई बार दे चुके है चेतावनी, पर कोई गंभीरता से नहीं ले रहे

**उदयपुर. नगर संवाददाता** | लोकसभा चुनाव को लेकर शहर कांग्रेस की ओर से किए गए कार्यक्रम में बुलाए गए नेताओं में से आधे भी नहीं आए। इस पर शहर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने एक बार फिर से कार्यवाही की चेतावनी दी है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व में भी चेतावनी दे चुके है पर कोई गंभीरता से नहीं ले रहा है।

जानकारी के अनुसार शहर कांग्रेस द्वारा लोकसभा चुनाव को लेकर नजर बाग में एक बैठक का आयोजन किया था। इस बैठक में आने की शहर के सभी कांग्रेसी नेताओं को सूचित किया था और व्हाट्स एप्प पर मैसेज भी किया था। इधर इस कार्यक्रम में गुरूवार को अधिकांश कांग्रेस नेता अनुपस्थित रहे। जिससे एक तरह से यह कार्यक्रम फेल ही रहा। इस कार्यक्रम में पूर्व सांसद, पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक, विधायक प्रत्याशी, सांसद, सांसद प्रत्याशी, पार्षद, सहवृत पार्षद, पार्षद प्रत्याशी, जिला पदाधिकारी, ब्लॉक पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारी, अग्रिम संगठनों के पदाधिकारी सहित कई कांग्रेसी नेता अनुपस्थित रहे थे। इसको लेकर शहर जिलाध्यक्ष फतहसिंह राठौड़ ने कार्यवाही की चेतावनी दी है। राठौड़ का कहना है कि वे इस पर कार्यवाही करेंगे और प्रदेश नेतृत्व को लिखेंगे। इस तरह के कार्यक्रमों में पहले भी कांग्रेस पदाधिकारी गायब रह चुके है और हर बार शहर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कार्यवाही की चेतावनी दी है। कई बार चेतावनी देने के बाद भी ये पदाधिकारी गंभीरता से चेतावनी नहीं ले रहे है।

### होटल से अंग्रेजी शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**उदयपुर. नगर संवाददाता** | घासा थाना पुलिस ने एक होटल से अंग्रेजी शराब बरामद करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी भरत सिंह ने बताया कि स्वागत होटल पर दबिश और वहां से 129 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब व बीयर जब्त कर आरोपी राजेन्द्र सिह पुत्र करण सिंह निवासी गोदेला घासा को गिरफ्तार किया। इस शराब की कीमत करीब 65-70 हजार रूपये है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।